पत्र संख्या–प्र०प्र०–01/2013 654 /रा०

बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

(राजभाषा)

प्रेषक,

एस० एम० परवेज आलम,
निदेशक।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– 08-8-25

विषयः– **'राजभाषा' पत्रिका, वर्ष–39, अंक–2 (जुलाई–सितम्बर, 2025) में सन्निवेशन हेतु रचनाओं के आमंत्रण से सम्बद्ध 'सूचना' का प्रकाशन।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि 'राजभाषा' पत्रिका, वर्ष–39, अंक–2 (जुलाई–सितम्बर, 2025) का प्रकाशन किया जाना है। इस अंक में सन्निवेशन हेतु रचना–सामग्री के विज्ञापन 'सूचना' के प्रारूप की प्रति संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि हिन्दी के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्राथमिकता के साथ इसे प्रकाशित करने की कृपा की जाए।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन

7/8

(एस० एम० परवेज आलम)
निदेशक

D:\VIVEK 2025\Surendra Kumar\Pra-Pra-01-2013-07-08-2025 docx

बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

(राजभाषा)

सूचना

'राजभाषा' पत्रिका के लिए रचनाओं का आमंत्रण

हिन्दी त्रैमासिकी 'राजभाषा' पत्रिका, वर्ष–39, अंक–2 (जुलाई–सितम्बर, 2025) में सन्निवेशन हेतु स्तरीय रचनाएँ आमंत्रित हैं। लेखकों, कवियों एवं साहित्यकारों से अनुरोध है कि दिनांक 29.08.2025 तक हिन्दी की किसी भी विधा, यथा–आलेख, विरासत, व्यक्तित्व, आलोचना आदि में प्रणीत अपनी मौलिक, अप्रकाशित एवं कम्प्यूटर द्वारा टंकित या सुस्पष्ट अक्षरों में हस्तलिखित रचनाएँ, अपने जीवनवृत्त एवं पासपोर्ट आकार के रंगीन छायाचित्र, पत्राचार का पूरा पता एवं दूरभाष/चलभाष संख्या के साथ, अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायी जाय।

जाति/धर्म/संप्रदाय आधारित बातों से सामाजिक वैमनस्यता बढ़ाने वाली रचनाएँ विचारणीय नहीं होगी।

चयनित रचना के रचनाकारों को गद्य रचना, लघुकथा, नियमित कविता तथा छोटी कविता के लिए क्रमशः ₹2000/– (दो हजार), ₹750/– (सात सौ पचास), ₹1500/– (एक हजार पाँच सौ) तथा ₹500/– (पाँच सौ) रूपये मात्र मानदेय (इस शर्त्त के साथ कि पत्रिका में किन्हीं एक रचनाकार की अधिकतम दो लघुकथा/छोटी कविता प्रकाशित की जाएगी) का उपबंध है। मानदेय भुगतान हेतु प्रेषित रचना के साथ बैंक खाता संबंधी अग्र उल्लिखित सूचनाएँ एवं दस्तावेज संलग्न करें :– 1. बैंक का नाम....., 2. शाखा........, 3. खाता संख्या........., 4. IFSC कोड......, 5. PAN संख्या....., 6. बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति......., 7. PAN कार्ड की छायाप्रति.......

रचनाओं के प्रकाशन का सर्वाधिकार विभाग के पास सुरक्षित है। अस्वीकृत रचनाओं की वापसी का प्रावधान नहीं है।

(एस० एम० परवेज आलम)
निदेशक
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा)
फणीश्वरनाथ रेणु हिन्दी भवन
छज्जूबाग, पटना–800001
मो0–9472270215